प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
19.05 शुक्रवार दिनांक 12.07.2024

मुख्य समाचारः—

- केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में बारह सदस्यीय दल आज शाम जगदलपुर पहुंचा—कल पंचायत प्रतिनिधियों के साथ होगी बैठक।
- मुख्यमंत्री ने रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मितानिनों के बैंक खाते में नब्बे करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण किया।
- केंद्रीय बलों ने पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण लागू करने की घोषणा की है।
- प्रदेश में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

केन्द्रीय वित्त आयोग—दौरा

केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में बारह सदस्यीय दल आज शाम बस्तर के संभागीय मुख्यालय जगदलपुर पहुंचा। यहां मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने डॉक्टर पनगढ़िया और दल के अन्य सदस्यों का स्वागत किया। यह दल आज चित्रकोट क्षेत्र का भ्रमण करेगा। वहीं, कल जगदलपुर जिला कार्यालय में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात कर चर्चा की जाएगी।

इससे पहले, केन्द्रीय वित्त आयोग के दल ने आज अपने छत्तीसगढ़ दौरे के दूसरे दिन नवा रायपुर में उद्योग और वाणिज्य संगठनों के प्रतिनिधियो के साथ चर्चा की।

आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों ने आज नवा रायपुर में निर्माणाधीन रेल्वे स्टेशन, केपिटल कम्पलेक्स स्थित इंटिग्रेटेड कमाण्ड कंट्रोल सेंटर और जंगल सफारी का भी अवलोकन किया।

वहीं, बीती शाम वित्त आयोग के सदस्यों ने रायपुर स्थित नालंदा परिसर की लाईब्रेरी का भी अवलोकन किया और विद्यार्थियों से बातचीत की।

मुख्यमंत्री—प्रोत्साहन राशि

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मितानिनों के बैंक खाते में नब्बे करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण किया। इस राशि में केंद्र और राज्य सरकार के अंश के साथ ही मितानिन प्रोत्साहन राशि भी शामिल हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य भर में काम कर रही लगभग बहत्तर हजार मितानिनों का अमूल्य योगदान है।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा के साथ ही अन्य मंत्री, विधायक और अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की।

<u>मुख्यमंत्री–इंटरसेप्टर वाहन</u>

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से पन्द्रह नए इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन नये इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा, कोरबा और रायगढ़ सहित पन्द्रह जिलों में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाने के लिए की जाएगी। इंटरसेप्टर वाहन मिलने से नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को चिन्हित कर कार्यवाही की जा सकेगी। इन वाहनों में ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा तीन सौ साठ डिग्री निगरानी के लिए सर्विलांस कैमरा भी है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

<u>''जल शक्ति से नारी शक्ति''</u>

महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज रायपुर के ग्राम टेमरी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर से ''जल शक्ति से नारी शक्ति'' और 'एक पेड़ मां के नाम' महावृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के तहत प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में आज से तीन लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा।

इस बीच, कोंडागांव जिले के केशकाल वनमंडल में आज वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टाटामारी के ईको पर्यटन केंद्र में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत करीब तीन सौ पौधे लगाए गए। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर भी पौधारोपण किया गया।

वहीं, भिलाई के सेक्टर दो में सीमा सुरक्षा बल द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बीएसएफ के अधिकारियों और जवानों ने करीब एक हजार पौधे लगाए।

अग्निवीर–आरक्षण

केंद्रीय बलों ने पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण लागू करने की घोषणा की है। सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा सशस्त्र सीमा बल के प्रमुखों ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को आयु में छूट मिलेगी और उनके लिए कोई शारीरिक दक्षता परीक्षा भी नहीं होगी।

इस बीच, प्रदेश के राजनांदगांव और मुंगेली जिले में भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण युवाओं को निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक उम्मीदवार अपना नाम, पता, मोबाईल नम्बर और आधार कार्ड के साथ जिला रोजगार तथा स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में सम्पर्क कर पंजीयन करा सकते हैं।

राज्यपाल–स्थापना दिवस

छत्तीसगढ़ राजभवन में आज राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन की अध्यक्षता में राजस्थान, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, और गोवा राज्यों का स्थापना दिवस मनाया गया। केन्द्र सरकार के "एक भारत–श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम के तहत राजभवन में यह समारोह आयोजित किया गया था। इसमें छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले राजस्थान, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, और गोवा के लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि हमारा संकल्प हो कि सभी अपनी विविधताओं के साथ एक आदर्श और मजबूत भारत के निर्माण के लिए मिलकर काम करें।

बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार छत्तीसगढ़ के विभिन्न आकांक्षी जिलों में चलाए जा रहे संपूर्णता अभियान पर विशेष कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल तेरह जुलाई को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

राष्ट्रीय लोक अदालत

प्रदेश में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों और व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इस लोक अदालत में आपसी सुलह से मोटर दुर्घटना दावा, जल कर, संपत्ति कर और राजस्व संबंधी विभिन्न मामलों का निराकरण किया जाएगा।

भाजपा–पत्रकारवार्ता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में ऐतिहासिक प्रदर्शन करने के बाद भाजपा अब नगरीय निकाय और उसके बाद होने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों पर फोकस कर रही है। उन्होंने बताया कि आगामी पन्द्रह से बीस जुलाई तक विस्तारित जिला कार्यसमिति की बैठकें आयोजित की जाएंगी। वहीं, इक्कीस से पच्चीस जुलाई तक विस्तारित मंडल कार्यसमिति की बैठकें होंगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ स्तर पर इंक्यावन पेड़ लगाएंगे।

दीपक बैज–पत्रकारवार्ता

दूसरी ओर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता में बताया कि प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस चौबीस जुलाई को विधानसभा का घेराव करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में प्रदेश की महिलाएं और आदिवासी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि नागरिकों में भय का माहौल है और अपराधी बेलगाम हो गए हैं।

सौर ऊर्जा–परिपत्र

नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगमों के आयुक्तों और नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सौर ऊर्जा से संबंधित सभी तरह के कार्य छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण–क्रेडा के माध्यम से कराने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने परिपत्र जारी कर सौर ऊर्जा से संबंधित किसी भी प्रकार का कार्य सीधे न कराकर राज्य शासन द्वारा नामित नोडल एजेंसी क्रेडा के माध्यम से कराने को कहा है।

जंगली मशरूम–मौत

कबीरधाम जिले के ग्राम सोनवाही में जंगली मशरूम खाने से दो ग्रामीणों की मौत हो गई। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर बी.एल. राज ने बताया कि प्रभावित परिवार के दो और सदस्यों की तबीयत खराब है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि जांच और पूछताछ में जंगली मशरूम के साथ अन्य विषाक्त भोजन के सेवन की जानकारी मिल रही है। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगा। जिले के कलेक्टर ने ग्राम सोनवाही सहित आसपास के गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए।

डायरिया

जांजगीर–चाम्पा जिले के करमन्दा गांव में डायरिया से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। वहीं, चालीस से ज्यादा लोग इससे पीड़ित बताए जा रहे हैं।  दस मरीजों को जिला अस्पताल और छह मरीजों को बलौदा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में शिविर लगाकर पीड़ितों की जांच कर रही है।

हॉकी खिलाड़ी–चयन

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस सत्र से शुरू हो रहे आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इसके लिये राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन सत्रह से उन्नीस जुलाई तक किया जाएगा। इसमें प्रदेश और अन्य राज्यों के तेरह से सत्रह आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

- कवर्धा जिले की पिपरिया नगर पंचायत में अध्यक्ष महेंद्र कुम्भकार के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया है। प्रस्ताव के पक्ष में ग्यारह और विपक्ष में चार मत पड़े।

- नारायणपुर विधायक और वन मंत्री केदार कश्यप को संसदीय कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वर्तमान में श्री कश्यप के पास वन और जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास तथा सहकारिता विभाग का प्रभार है।

- रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में इसी शैक्षणिक सत्र से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधानों को लागू किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित विद्या परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

- झांसी रेलमंडल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से सोलह और सत्रह जुलाई को दुर्ग से कानपुर के बीच चलने वाली बेतवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

- मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कलेक्टरों की वर्चुअल बैठक लेकर प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं और मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

- भिलाई में आज एनसीसी इकाई द्वारा "पेपर बैग डे" का आयोजन विभिन्न महाविद्यालयों में किया गया।

- राजनांदगांव के मदनवाड़ा में बारह जुलाई दो हजार नौ को हुई माओवादी घटना में शहीद तत्कालीन पुलिस अधीक्षक स्वर्गीय विनोद चौबे सहित 29 जवानों को आज राजनांदगांव में श्रद्धांजलि दी गई।

<><><><><>